राष्ट्रीय छात्रशक्ति

वर्ष : 32 अंक : 4 अगस्त – सितम्बर 2009

60

ABVP
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद
ज्ञान • शील • एकता
1949-2009

एक आन्दोलन देश के लिए

घर घर में दीपावली हो
यही संकल्प हमारा....



Shri Mohan Bhagwat releasi souvenir at the inaugural function of ABVP 60 years a Pune, Maharashtra

ABVP activists celebrating victory at Hyderabad central University after the election

Film director Major Ravi inaugurating Guruvayoorappan College union at Kozhikkode, Kerala

DUSU Vice President Ku.Kriti Vadera celebrating her victory

राष्ट्रीय
छात्रशक्ति
शिक्षा क्षेत्र की प्रतिनिधि पत्रिका
वर्ष : 32 अंक : 4 • अगस्त – सितम्बर 2009

संरक्षक
अतुल कोठारी

संपादक
डा. मुकेश अग्रवाल

प्रबंध संपादक
नितिन शर्मा

संपादक मंडल
संजीव कुमार सिन्हा
आशीष कुमार 'अंशु'
उमाशंकर मिश्र

फोन : 011 – 23093238 , 27662477
E-mail : chhathrashakti@gmail.com
Website : www.abvp.org

डा. रंजीत ठाकुर द्वारा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बी–50, क्रिश्चियन कॉलोनी, पटेल चेस्ट, दिल्ली–110007 के लिए प्रकाशित एवं मुद्रक प्रेस, 119, डीएसआईडीसी कॉम्प्लेक्स, ओखला, फेज–1, नई दिल्ली–20 द्वारा मुद्रित

"राष्ट्रीय छात्रशक्ति" की ओर से सभी पाठकों एवं देशवासियों को *दीपावली* की हार्दिक शुभकामनाएँ।

विषय सूची

7 एक आंदोलन देश के लिए

11 घर घर में दीपावली हो.... यही संकल्प हमारा....

13 मुलाकात
श्री दत्तात्रेय होसबाले

17 India & China:
Talk Peace For Mutual Benefit

21 शैक्षिक परिवर्तन : आगामी दिशा एवं योजना

23 कैरियर

वैधानिक सूचना : राष्ट्रीय छात्रशक्ति में प्रकाशित लेख एवं विचार रचनाओं में व्यक्त दृष्टिकोण सम्बन्धित लेखकों के हैं। सम्पादक, प्रकाशक, एवं मुद्रक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली रहेगा।

परिषद् के साठ साल, एक आंदोलन देश के लिए

पुस्तक परिचय

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के 60 साल पूर्ण होने के शुभ अवसर पर श्री.सुनील आंबेकर द्वारा एक पुस्तिका 'एक आंदोलन देश के लिए' तैयार की गई। इस पुस्तिका से गुजरते हुए एक सुखद आश्चर्य होता है। लगभग 40 पृष्ठों में पिछले 60 वर्षों में विद्यार्थी परिषद् की तमाम महत्वपूर्ण गतिविधियों को यह पुस्तक समेटकर गागर में सागर भरने का काम करती है। इस पुस्तक की प्रस्तावना में विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलिन्द मराठे लिखते हैं, 'क्या किया अभाविप ने इन छह दशकों में, इसका यह एक मूल्याकन है।'

श्री मराठे बताते हैं, 'अभाविप के छह दशक शैक्षिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय समस्याओं पर किया लोक जागरण, लोक शिक्षण और लोक संघर्ष का यह एक लेखा–जोखा है।

पुस्तिका में विद्यार्थी परिषद् से जुड़े संस्मरण, संघर्ष कथा, प्रयास, इतिहास क्रम, प्रारंभिक काल की गतिविधियां, उपलब्धियां और बहुत कुछ है। जब आप इस पुस्तिका को पढ़ रहे होंगे, आप महसूस करेंगे कि विद्यार्थी परिषद् के शिशु से किशोर और किशोर से युवा होने की पूरी कहानी इस पुस्तिका में दर्ज है।

श्री आंबेकरजी ने इस पुस्तिका में आन्ध्र प्रदेश के काकतिया विश्वविद्यालय की एक घटना का उल्लेख किया है। जिसे पढ़ने के बाद किसी भी परिषद् के कार्यकर्ता का सिर गर्व से ऊंचा हो जाएगा। घटना यूं है कि काकतिया विश्वविद्यालय जिसे नक्सलियों द्वारा कार्ल मार्क्स विश्वविद्यालय कहकर प्रचारित किया जा रहा था। वहां नक्सली प्रतिवर्ष 26 जनवरी और 15 अगस्त को तिरंगा ना लहराने के लिए धमकी देते थे और वे उस तारीख को काला झंडा लहराते थे। उनकी दहशत इतनी थी कि कोई विरोध नहीं करता था। 26 जनवरी 1982 को विद्यार्थी परिषद् कार्यकर्ता एस.जगन मोहन रेड्डी और उसके साथी इस राष्ट्र विरोधी कार्य के खिलाफ उठ खड़े हुए। संख्या में कम और शस्त्रहीन होने के बावजूद उन्होंने नक्सलियों का विरोध और तिरंगा का सम्मान करने का संकल्प लिया।

तिरंगा लगाने के बाद उस दिन नक्सलियों ने आकर मार–पीट की। तिरंगे को फाड़कर काला झंडा लगाया। उनकी धमकियों के बाद भी जगनमोहन रेड्डी ने तिरंगा लहराया और संबंधित थाने में अपनी आपत्ति दर्ज की। मामला न्यायालय में पहुंचा। नक्सलियों ने न्यायालय में साक्ष्य देने पर जान से मारने की धमकी दी। लेकिन रेड्डी परिषद के कार्यकर्ता थे, इसलिए निर्भय रहे, साहस से काम लिया। देश के लिए बलिदान होने के लिए तैयार हो गए। लेकिन पिछे हटने को तैयार नहीं हुए। न्यायालय के लिए जाते समय उनकी बर्बरतापूर्वक हत्या कर दी गई।

इस तरह की कई कथाएं और उपकथाएं आपको इस पुस्तिका में मिलेगी जो देश के सम्मान हेतु लड़ने के लिए छात्रों को प्रेरित करती है। यह पुस्तिका वास्तव में विद्यार्थी परिषद् को जानने का एक अवसर छात्रों को मुहैया कराती है। कम शब्दों में कहना हो तो इस पुस्तिका को विद्यार्थी परिषद् के नए कार्यकर्ता संगठन को जानने–बूझने के लिए एक अनिवार्य पुस्तिका समझें। ■

एक आंदोलन देश के लिए

प्रा. मिलिंद मराठे
(राष्ट्रीय अध्यक्ष, अभाविप)

9 जुलाई 1949.....
यह वह दिन है जब "अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का विधिवत पंजीकरण हुआ और उसका पंजियन क्रमांक है– 'एस./385, 1949–50, दिल्ली। इसलिए अभाविप का स्थापना दिवस है 9 जुलाई।
1949–2009.....
निरंतर सक्रियता के 60 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण हो रहे है। क्या किया इन 60 वर्षों में अभाविप ने? उपलब्धियाँ कौन सी है? ऐसे प्रश्न मन में आते है।

"एक आंदोलन देश के लिए" एक ही वाक्य से अभाविप का वर्णन हो सकता है। आदर्श छात्र आंदोलन का तत्वज्ञान अभाविप ने गत साठ वर्षों में विशद किया और उसको सप्रमाण सिद्ध करके दिखाया। इस देश की सर्वांगीण प्रगति होनी चाहिए। यह उद्देश्य अभाविप ने रखा। इस राष्ट्र पुनर्निर्माण हेतु संस्कारित छात्र शक्ति का निर्माण करना यह संकल्प व्यक्त किया यह संस्कारित, राष्ट्रभाव से ओतप्रोत और समाज के प्रति अपने को जवाबदेह मानने वाली जिम्मेवार छात्र शक्ति ही देश के परिवर्तन की प्रक्रिया को गतिमान बनायेगी यह विश्वास अभाविप ने संजोया। अभाविप ने कहा व्यक्ति परिवर्तन ही चिरस्थायी समाज परिवर्तन का एकमात्र शाश्वत मार्ग है और छात्र उस परिवर्तन का अग्रदूत है। छात्र कल का नहीं आज का नागरिक है और इसलिए शैक्षिक परिवर्तन के साथ सामाजिक, राष्ट्रीय, आर्थिक समस्याओं को हल करने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है ओर वे सभी समस्याओं को सुलझाने हेतु प्रयास करना यह छात्र की जिम्मेवारी है। किसी भी शाश्वत विकास का मार्ग केवल संघर्ष से ही नहीं अपितु समन्वय के माध्यम से भी प्राप्त होता है इस दृढ विश्वास के कारण अभाविप ने शैक्षिक परिवार की संकल्पना रखी और वह आज स्वीकृत हुआ। संघर्ष भी रचनात्मक दृष्टिकोण से करना चहिए और भावात्मक, Constructive विचार ही सभी activities के मूल में होना चाहिए यह विचार अभाविप ने छात्र, युवाओं के बीच बोया। यह सभी गतिविधियाँ दलगत राजनीति के क्षुद्र विचारों से ऊपर उठकर करनी चाहिए और यह पूर्णतः संभव हैं ऐसी शास्त्र शुद्ध (Scientific) रचना (विद्यार्थी संगठन की) अभाविप ने समाज के सम्मुख रखी। आज केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व में सबसे बड़ा छात्र संघठन के नाते अभाविप सभी fronts पर कामयाब सिद्ध हुई है।

शैक्षिक परिवर्तन के अभाविप के प्रयास उसके स्थापना काल से ही चल रहे है और वह संघर्ष आज भी चल रहा है। 1969 में न्यायमूर्ति गजेन्द्रगडकर कमेटी को दिये ज्ञापन में विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व सभी स्तर पर निर्णयों में होना चाहिए, यह माँग की। 1970 में दिल्ली में प्रथम राष्ट्रीय प्रदर्शन करते हुए 18 वर्षों में मताधिकार, शिक्षा का भारतीयकरण और भारत अणुबम बनाये ऐसी माँगे रखी। कैपिटेशन फी विरोधी कानून, शिक्षा के बाजारीकरण को रोकने वाली शुल्क नियंत्रण समिति, उत्तर पत्रिका की छायाप्रति छात्रों को मिलना, विद्यालयों से लैंगिक शिक्षा का विरोध ऐसी कई माँगे अभाविप के प्रखर आंदोलन से मानी गयी। जनजाती छात्रों

के छात्रावास की स्थिति में सुधार, सामाजिक आरक्षण को समर्थन। 6 मार्च, 1979 को 'संसद की ओर' नाम से अखिल भारतीय प्रदर्शन किया जिसमें 10 हजार छात्र 8 लाख छात्रों के हस्ताक्षर लेके 17 सूत्री माँग पत्र देने पहुँचे। राष्ट्रीय शिक्षापीठ का गठन हो, शिक्षा पर बजट का 90% व्यय हो, ग्रामोन्मुखी, नैतिक एवं मूल्य आधारित शिक्षा हो ऐसी माँगे वहाँ रखी गयी। 26 नवम्बर, 2002 में शिक्षा एवं रोजगार हेतु दिल्ली में 75000 छात्र–छात्राओं का विशाल प्रदर्शन अपने आप में अनूठा सिद्ध हुआ। शिक्षा का भारतीय करण, पाठक्रमों की पुनर्रचना, परीक्षा पद्धति में सुधार, सस्ती शिक्षा और संपूर्ण रोजगार समेत 58 सूत्री माँग पत्र हमने केन्द्र सरकार के सम्मुख रखा।

शिक्षा क्षेत्र की समस्याओं के खिलाफ आंदोलन, संघर्ष करते हुए अभाविप ने समय समय पर उठे विभिन्न मुद्दों पर नई शिक्षा नीती हो या Operation Black Board हो। नवोदय विद्यालय की सकल्पना हो या व्यावसायिक शिक्षा हो अभाविप ने अपने पर्याय रखे। राष्ट्रीय ज्ञान आयोग, निजी एवं विदेशी विश्वविद्यालय, NAAC द्वारा गुणवत्ता का मूल्यांकन, रैगिंग विरोधी राघवन् समिति नया छात्र संघ चुनावों के लिये गठित लिंगदोह समिति, यशपाल समिति का हाल ही में आया अहवान, अभाविप ने इन सभी विषयों पर अपना मत व मुद्दे सरकार को प्रस्तावित करते हुए अनेक सुझाव दिये है। उच्च शिक्षा में शुल्क संरचना पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण और जनजाति छात्रों के वसतिगृह की दयनीय स्थिति का सर्वेक्षण और बाद में सर्वोच्च न्यायालय में दायर की हुई जन हित याचिका अभाविप के न्यायालयीन संघर्ष की एक मिसाल है। शिक्षा के बाजारीकरण के विरोध में अभाविप की लड़ाई आज भी जारी है। सखोल चिंतन, समक्ष पर्याय व तीव्र संघर्ष इन 3 सूत्रों पर, विद्यार्थी को केन्द्र बिन्दू मानते हुए अभाविप का आन्दोलन शिक्षा क्षेत्र में आज भी चल रहा है।

राष्ट्रीय मुद्दों भी अभाविप जागरुक रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा को बरकरार रखने हेतु और राष्ट्रीय अस्मिता के सम्मान हेतु अभाविप सक्रिय रही है। अपने स्थापना काल में ही जो आंदोलन अभाविप ने किया वह देश का नाम भारत हो, राष्ट्रभाषा हिन्दी हो, राष्ट्रगान वंदे मातरम् हो और उद्योगों का स्वदेशीकरण हो इन मुद्दों के लिये किया गया। राष्ट्रीय मानबिन्दु के सम्मान का आंदोलन या 2 अक्टूबर, 1983 का असम में छेड़ा गया घुसपैठियों के विरोध में आंदोलन, 17 दिसम्बर 2008 के चिकननेक में हुए बांगलादेशी घुसपैठियों के विरोधी आंदोलन तक लगातार चलता रहा। घुसपैठियों को Detect.....Delete.....Deport यह नारा देश में इतना

गूंजा की मई 2009 के आम चुनाव में प्रत्येक राजनीतिक दल के घोषणापत्र में इस समस्या उल्लेख करना पड़ा और राष्ट्रीय सुरक्षा का यह प्रश्न सभी को मानना पड़ा। पं. बंगाल के कूचबिहार जिले के तीन बीघा हस्तांतरण का विरोध हो या 11 सितम्बर, 1990 में हुआ कश्मीर आंदोलन हो, अभाविप ने यह स्पष्ट दिखा दिया की राष्ट्रीय एकात्मता एवं सुरक्षा के मुद्दों पर अभाविप प्रखर राष्ट्रवादी भूमिका की पक्षधर रहेगी और राष्ट्रहित सर्वोपरि यही भूमिका लेगी। राष्ट्रीय सम्मान और सुरक्षा के साथ समझौता किसी भी कीमत पर नही।

अभाविप का 1975 में तानाशाही के खिलाफ चला यशस्वी संघर्ष अलौकिक है। स्वाधीन भारत में, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को इंदिरा गांधी व कांग्रेस ने तानाशाही में ढकेल दिया। 25 जून, 1975 के रात्री आपातकाल जारी करके लोकतंत्र का गला घोट दिया। MISA नामक काला कानून लगाकर हजारों लोगों को जेलों में ठूँस दिया। नागरीकों का मुलभूत स्वातंत्र्य समाप्त कर दिया। इस तानाशाही के खिलाफ 'निर्भय बनो' का नारा देकर अभाविप के 10000 कार्यकर्ताओं ने देशभर में सत्याग्रह किये। 450 कार्यकर्ताओं पर MISA लगाया गया। हजारों कार्यकर्ता भूमिगत हो गये। इस आंदोलन ने 1977 के आम चुनावों में इंदिरा गांधी व कांग्रेस को ध्वस्त किया। लोकतंत्र जीत गया। जनता पक्ष सत्ता में आया। दुनिया में शायद यह एक अनूठा उदाहरण होगा की एक छात्र संघठन ने तानाशाही के खिलाफ लड़ाई लड़ी और जीती। जनता पक्ष में, सत्ता में सहभागी होने का न्यौता अभाविप को मिला लेकिन 1977 में सारनाथ की बैठक में अभाविप ने वह न्यौता ठुकराया और एक इतिहास रचा। "हमें राज नही समाज बदलना है" इस भूमिका से सत्ता में सहभागी न होने का सुस्पष्ट निर्णय अभाविप ने अपने सिद्धांतों के अनुरूप लिया।

लोकतांत्रिक प्रक्रिया को आघात पहुँचाने वाले दहशतवादी जब–जब आक्रामक हुए तब–तब अभाविप ने इससे सामना कियां। पंजाब के खालिस्तानवादी, केरल, बंगाल के साम्यवादी, वामपंथी, माओवादी, नक्सलवादी ऐसे समस्त, हिंसक शक्तियों के सामने अभाविप लड़ी। इस लड़ाई मे केवल आंध्र प्रदेश में 22 कार्यकताओं ने नक्लसवाद से लड़ते हुए अपनी शहादत दी। लेकिन महाविद्यालयीन परिसरों से यह हिंसक नक्सली तत्वज्ञान उखाड़कर फेंक दिया। छात्रों के मन में विशुद्ध राष्ट्रभक्ति, लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर विश्वास रखनेवाला, विकास मूलक तत्वज्ञान उत्पन्न किया। जनवादी, समन्वयात्मक, बंधुभाव युक्त, शोषणमुक्त समाज यही इस देश का अंतिम उद्देश्य रहेगा और हिंसा का विरोध इस देश में होगा ये अभाविप ने दिखाया। सशस्त्र दहशतवादियों से एक छात्र संगठन यशस्वी लड़ाई लड़ता है। यह भी शायद दुनिया का एक मात्र उदाहरण होगा।

सामाजिक विषमता, छुआछूत, लिंगभेद, गरीबी, शोषण ऐसी विघातक प्रवृत्तियों के विरुद्ध अभाविप हमेशा सक्रिय रही है। रचनात्मक कार्यों में छात्र शक्ति का समायोजन करना यह भी अभाविप के गत 60 साल के कार्य का एक अनोखा वैशिष्ठ रहा है। संस्कार वर्ग, श्रमानुभव शिविर, रक्तगट सूची, अवकाशकालीन रोजगार योजना, निःशुल्क कोचिंग, Book-Bank, चिकित्सा शिविर, Vocational Guidance ऐसे विभिन्न कार्यक्रम/प्रकल्प अभाविप सेवा भाव से चलाती है। नैसर्गिक आपदाओं के समय कार्य करना यह तो अभाविप की स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। गुजरात, लातूर का भूंकप हो या 2004 की सुनामी विभिषिका हो या 2008 में बिहार की विनाशकारी बाढ हो अभाविप ने राहत शिविर से लेकर अनेक प्रकार का कार्य किया। SEIL, युवा विकास केन्द्र, SFD ऐसी गतिविधियाँ।

संघठन के नाते सेवा, संस्कार एवं संघर्ष इन तीन सूत्रों पर अपनी गतिविधियाँ चलाते हुए अभाविप ने ज्ञान–शील एकता का भाव लाखों युवकों के मन में भरते हुए उनके जीवन में एक परिवर्तन किया है। मैं और मेरा परिवार इसके अलावा सामान्यतः न सोचने वाले युवाओं के कई पीढ़ियों को अभाविप ने इससे विस्तृत दुनिया दिखायी हैं। मैं और मेरे परिवार के अलावा मेरा गाँव, मेरा देश, मेरा समाज भी कोई है। मेरी भी एक जिम्मेदारी उनके प्रति है। यह विचार सिखाया। छात्र जीवन के बाद 40 वर्ष मैं निःस्वार्थ रूप से मेरे रूचि के अनुरूप सामाजिक काम में करता रहूँगा। यह परिवर्तन अभाविप ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं में लाया। हमने व्यक्ति के सोच में बदलाव लाया। इस संवेदनशीलता से आज हजारों कार्यकर्ता समाज के विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत है। अभाविप की 60 साल की यही वास्तविक पूँजी है।

व्यक्तिगत आशा आकांक्षाओं के अपनी छोटी रेखा (Line) पर सामाजिक, राष्ट्रीय संवेदनाओं की बड़ी रेखा अभाविप ने हजारों युवकों के मन में खींची और उन्हें कार्यरत किया।

अभाविप के स्वर्णिम 60 वर्ष की यही सबसे बड़ी उपलब्धि है। ■

प्रा. यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार डॉ. नंदिता पाठक को

प्रा.यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार के लिए मध्य प्रदेश के दीनदयाल शोध संस्थान की डॉ. नंदिता पाठक के नाम 'रोजगार निर्माण एव ग्रामीण विकास' हेतु कार्य के सम्मान में युवा पुरस्कार के चयनकर्ता मंडल ने चयन किया है।

प्रा. यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार का प्रारंभ 1991 में इस श्रेष्ठ प्रेरणादाई व्यक्ति की पावन स्मृति में हुआ। अभाविप और विद्यार्थी निधि न्यास का यह संयुक्त उपक्रम है। विभिन् समाजोपयोगी विषयों पार काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओ के कार्य को प्रोत्साहन देने हेतु समाज के सम्मुख लाना और ऐसे कार्यकर्ताओ के प्रति समूचे युवा वर्ग की कृत्यागता प्रकट करना यह इस युवा पुरस्कार का प्रयोजन है। इस युवा पुरस्कार में नगद राशि: रूपये 25000, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह समाविष्ठ है !

'आहार एव पोषण' में पदव्युत्तर शिक्षा पाने के बाद, पदम् विभूषण मा. नानाजी देशमुख के साथ हुई उनकी भेट में नानाजी ने उन्हें बताया की 'आपके जैसी लड़कियों को पैसा कमाने का काम करने की बजाय समाज सेवा में जुटना चाहिए' और यही भेट डॉ. नंदिता के जीवन में बदलाव लायी। सन 1994 से उन्होंने दीनदयाल शोध संस्थान के चित्रकूट प्रकल्प में समाज सेवा के व्रत की शुरुवात की तथा आज तक वो समर्पित जीवन से काम कर रही है। चित्रकूट के आस–पास के 500 गावो में उन्होंने आत्मनिर्भरता अभियान चलाया जिसमें, 'अत्मा–निर्भता' के साथ ही 'दरिद्रता, निरक्षरता, बीमारी का निर्मूलन, स्वास्थप्रद जीवन का प्रबंध', 'वादमुक्त, स्वच्छ एव हरित गावों का निर्माण' अदि कार्यो का भी अंतर्भाव था।

दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा शु किये गए उद्यमिता विद्यापीठ की स्थापना ए व्यवस्थापन कार्य में डॉ. नंदिता पाठक क विशेष सहभाग था। एक गॉव, एक उपज बहुस्तरीय रोजगार निर्माण नामक 'स्व आधार गट' द्वारा चलाए गए इस चित्रकू प्रकल्प में नया परिवर्तन लाने की जिम्मेवा उन्होंने निभाई है। 'बिना महिला सहभाग स समाज का पूर्ण विकास असंभव है' ऐसी उनक धारणा होने के कारण उन्होंने महिलाओ क प्रेरणा देने एवं उनका उत्थान करने हेतु 'वार्षिक महिला संगम' जैसे महिलाओ मे जाग्रति पैदा करने वाले कर्यकमों का आयोजन किया। चित्रकूट प्रकल्प के सेवा कार्य में जुटे रहने के बाद भी उन्होंने 100 से भी ज्यादा राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय परिचर्चाओं में बी भाषणों को प्रस्तुत किया है। डॉ. नंदिता पाठक राष्ट्रीय महिला कोष नई दिल्ली, बल शिक्षा एव मजदूर केंद्रीय बोर्ड, मध्य प्रदेश विज्ञान एवं औद्योगिकी परिषद् जैसे अनेक प्रतिष्ठित संस्था एव विद्यापीठों के संचालक मंडल की सदस्या भी है।

डॉ. नंदिता पाठक को यह पुरस्कार 'उना' (हिमाचल प्रदेश) में 30 अक्टूबर 2009 से 1 नवम्बर 2009 को होने वाले विद्यार्थी परिषद् के 55 वे राष्ट्रीय अधिवेशन में 1 नवम्बर 2009 को आयोजित सार्वजनिक समारोह में प्रदान किया जायेगा। ■

घर घर में दीपावली हो....
यही संकल्प हमारा....

सुनील आंबेकर
(राष्ट्रीय संगठन मंत्री, अभाविप)

कल पटना से मुंबई आ रहा था। भुसावल स्टेशन पर एक कार्यकर्ता प्रातः नाश्ता लेकर आए थे। दीपावली का धनत्रयोदशी का दिन था, इसलिए स्वाभाविक कुछ दीपावली की विशेष खाद्य सामग्री भी साथ देकर गए। गाड़ी छूटते ही हम नाश्ता प्रारंभ करने ही वाले थे, तो एक लड़का कुछ मांगने आ गया। हमने एक मिनट सोचा, बाद में लगा कि इसमें जो मिठाई होगी वह उसे आज अवश्य देंगे। वह लेकर चला गया। बाद में हमारा भी नाश्ता हो गया। इस छोटे से प्रसंग के कारण कई बातें मन में आना प्रारंभ हुआ।

दीपावली लगभग पूरे देश में मनायी जाती है। यह खुशियों का त्यौहार है। अंधकार, अज्ञान का, अभाव का, अन्याय का समाप्त होकर प्रकाश का पर्व प्रारंभ होने का संकेत देता है यह दीपावली का त्यौहार। वह दिन कितना सुंदर होगा, जिस दिन भारत के हर घर में दीपावली खुशियाँ लेकर आयेगी। हर घर में दीपक जले, मिठाइयाँ हो, कम से कम बच्चे तो नये कपड़े पहन सके। यह दिवास्वप्न नहीं है। अपितु संभव है तथा आवश्यक भी। जरुरत है हमारे सभी के संवेदना व संकल्प की। देश में महंगाई की मार लगातार चल रही है। सामान्य वर्ग की हालत गम्भीर हो रही हो, तो गरीबों की स्थिति कितनी विकट होगी, यह कल्पना ही भयंकर है। रोजमर्रा की दाल, चावल, गेहूँ, तेल, चीनी सबकुछ कई गुना महंगा हो रहा है। आम आदमी की दुहाई देकर बनी सरकार अपने निजी स्वार्थों के चलते कुछ नहीं कर रही है। संकट के बादल घने हो रहे हैं, परन्तु समाधान नजर नहीं आ रहा है।

नफाखोरों से साठगाँठ के बिना इस कदर महंगाई बढ़ना संभव नहीं लगता। सरकारी गोदामों में संग्रह की कमी, खरीददारी की नीतियों में अनियमितता तथा भारी कीमतों पर आयात जैसी नीतियाँ स्वयं साठगाँठ के षड्यंत्रों को इंगित करती है।

सामान्य मध्यमवर्ग मान के चल रहा है कि यह तो भगवान की इच्छा है, इसलिए ऐसा ही जीने की मजबूरी समझकर चुपचाप चल रहा है। संपन्न लोगों को कोई फर्क नहीं पड़ता तथा अत्यंत गरीब लोग स्वयं के नसीब को दोष देकर मजबूरी में चुप है। यह समय हे कि देश की छात्रशक्ति इस हतबल मानसिकता को तोड़कर संघर्ष आरंभ करे।

देश में हर संसाधन के शोषण एवं व्यापारीकरण की स्पर्धा चल रही है। परिणामवश हर व्यवस्था महंगी तथा सामान्य व्यक्ति के पहुंच के बाहर हो रही है। 1991 के वैश्वीकरण, निजीकरण (बाजारीकरण) की तथा मुक्त अर्थव्यवस्था की त्रिसूत्री ने (LPG-Liberalisation, Privatisation, Globalisation) दुनिया भर में अपना कमाल दिखाया है। दुनिया भर की वस्तुएँ भारत के हर छोटे–मोटे बाजारों में उपलब्ध है। बाजार को अत्यधिक महत्व मिलने के कारण निजीकरण का जो दौर चला है उसमें भयंकर स्पर्धा के चलते हर वस्तु में,सेवाओं में कुछ सुधार तो हुए लेकिन अधिक महंगी हो गयी है। अर्थात् कुछ लोगों की दुनिया तो अत्यधिक रंगीन हो गयी लेकिन बहुत लोगों की दुनिया उजड़ रही है। सरकारी नियंत्रण को बड़ी–निजी कंपनियों एवं विकसित देशों ने अपने हित में करवा लिया तथा परिणाम स्वरूप वह सरकारें लोकहित की आवश्यक बातों से भी पीछे हट रही है तथा सामान्य व्यवस्थाएँ भी निजी हाथों में जाने के कारण रोजमर्रा का जीवन आम लोगों के लिए काफी कष्टमय हो गया है।

शिक्षा के बड़े–बड़े महाविद्यालय उपलब्ध हो गये हैं लेकिन उसके शुल्क देखकर गरीब दूर ही खड़ा है। या फिर इन लोगों की बड़ी–बड़ी बैंकों के कर्जे लेकर, उसे चूकता करने के लिए उनका नये जमाने का बंधुआ मजदूर (Bounded labour) हो रहा है। खैर उसे कम से कम रोजमर्रा के बातों का अभाव नहीं हैं यही खुशी की बात है।

अब बड़े–बड़े अस्पताल खुल रहे है। नये–नये अनुसंधान होकर कई प्रकार की चिकित्सा पद्धति उपलब्ध हो रही है। परन्तु सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाएँ तथा सरकारी प्राथमिक विद्यालय कभी–कभी एक जैसे लगते है। यह जरूर है कि कुछ उच्च शिक्षा संस्थान तथा एम्स (AIIMS) जैसे कुछ अस्पताल भारत की शान बढ़ाते है तथा हमारी क्षमता को प्रदर्शित भी करते हैं। प्रश्न है। आम व्यक्ति के लिए वहाँ तक पहुँचने के लिए रास्ता काफी लम्बा है।

ऐसे सामान्य बातों के भारी अभावों से अपने देश की अधिक जनसंख्या जूझ रही है। उनके लिए प्रगतिपथ पर आगे बढ़ रहे भारत में भी सामान्य घर, आवश्यक कपड़ा यह सभी दूर की बाते है। न्यायालयों में उनका सामना अन्याय से, सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार से, समाज में असमानता के आधार पर हाथ से निकलते अवसरों से तथा अपमान से होता है।

अहम् प्रश्न यह है कि आगे बढ़ रहे मेरे भारत में इन बातों से फर्क किसे पड़ता है? क्या वोट लेने वाले नेताओं को? या वह मजबूरी का फायदा लेकर कभी लुभावने नारे व कभी छोटी–मोटी लालच देकर उसे खरीद लेते है।

क्या सरकारी अधिकारियों को फर्क पड़ता है? या वह अनपढ़ जनता को कागजी खेल में उलझा देती है। क्या उनपर हो रहे अत्याचार से पुलिस को फर्क पड़ता है? वह उन्हें ही अपना डण्डा दिखा चुप करा देती है।

क्या न्यायालय को फर्क पड़ता है? या वह बड़े वकीलों के तर्क तो लंबी–लंबी तारीखें देकर अपना समय काट लेती है? क्या दुनिया को फर्क पड़ता है? या फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कुछ बड़ी–बड़ी योजनाओं सम्मेलनों से वे नाम कमा लेते हैं या कुछ हिंसक आंदोलनों को शस्त्र देकर बस हंगामा खड़ा कर देते है। क्या संपन्न लोगों को फर्क पड़ता है? या वह पैसे का खेल चलाकर या कुछ दान देकर पुण्य कमा लेते है। लेकिन बहुत लोग ऐसे भी है जिन्हें फर्क पड़ता है? दुःख भी होता है। वह प्रयास भी कर रहे है।

हमें भी सोचना जरूरी है कि क्या मुझे फर्क पड़ता है? तो फिर मेरे युवा साथियों आओ, हम आवाज भी उठाये तथा सृजनात्मक पहल भी करें। अर्थात उन सभी के साथ मिलकर। ताकि इस बार नहीं तो अगली बार कुछ उजाला जरुर हो। ■

वंचितों को छोड़कर राष्ट्र पुर्ननिर्माण असंभव

श्री दत्तात्रेय होसबाले
(पूर्व राष्ट्रीय संगठन मंत्री)
अभाविप

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सर कार्यवाह मा. दत्तात्रेय होसबाले करीब ३० वर्षों तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभिन्न दायित्वों पर रहे है। परिषद में अपने इस लम्बे कार्यकाल में दत्ता जी ने ढेरों प्रेरणास्पद अनुभव बटोरे है, उनके अनुभवागार को साझा कर रहे है 'उमाशंकर मिश्र'

अभाविप से आपका कैसे जुड़ना हुआ?

वर्ष 1971 में Expo-70 की खामियों को लेकर बंगलौर में अभाविप का विरोध आंदोलन चल रहा था। हालांकि संघ की शाखाओं में आना–जाना पहले से ही चल रहा था, लेकिन इस आंदोलन में अभाविप के बारे में जानने एवं शामिल होने का मेरे लिए पहला अवसर था। 1972 तक शाखा के काम में रहा। उन्हीं दिनों अभाविप के रजत जयंती पर 15 अगस्त को आयोजित मशाल जुलूस विद्यार्थी परिषद् में मेरा पहला कार्यक्रम था। बस यहीं से अभाविप के कार्यालय आना–जाना, स्वाध्याय मंडल जाना आरंभ हो गया। 1973 के मई में दक्षिण भारत का अभ्यास वर्ग, उससे पहले पटना में राष्ट्रीय अधिवेशन था। यह मेरा प्रथम अधिवेशन था, जिसमें यशवंत राव केलकर जी एवं मदनदास जी जैसे लोगों को पहली बार मैंने देखा। 1973 के अभ्यास वर्ग में भी मैं शामिल हुआ और फिर सिलसिला कई वर्षों तक चलता रहा।

अभाविप के लम्बे कार्यकाल में आपके अनुभवों के बारे में बताएं?

विद्यार्थी परिषद् में रहकर मैंने जीवन में बहुत कुछ पाया है। सबसे पहले वैचारिक दृष्टि एवं गहराई, जीवन दृष्टि, देश के बारे में ज्ञान, सामाजिक परिवर्तन की दृष्टि एवं उसमें युवाओं की भूमिका और नौजवानों को राष्ट्र कार्य हेतु प्रेरित करने जैसे कार्य ध्यान में आये। इस दौरान एक अमूल्य सम्पत्ति भी मिली, वह समान दृष्टि एवं विचार के दोस्त हैं। यह बड़ी सम्पत्ति है। सहयात्री भी रहे, व्यक्तिगत जीवन में भी ढेरों मित्र मिले। ऐसे सैकड़ों नाम हैं, जिन्हें अंगुलियों पर नहीं गिनाया जा सकता। ऐसे कई लोग हैं, जो आयु से बड़े हैं, उनमें मदनदास जी, गौरीशंकर जी, हरेन्द्र जी, राजकुमार भाटिया जी इत्यादि। 1972 से 2003 तक के मेरे कार्यकाल के इतने मित्र हैं कि सभी के नाम देना यहां संभव नहीं होगा। केवल संगठनात्मक ही नहीं, अपितु देश, समाज एवं विचारधारा से जुड़े अनेक लोग मिले जो व्यक्तिगत एवं संवेदनात्मक स्तर पर भी साथ हैं।

विभिन्न गतिविधियों एवं आंदोलनों में भी आप रहे हैं, उनमें से कौन से यादगार हैं?

असम आंदोलन के दौरान हम गुडविल मिशन पर वहां के अंदरूनी हिस्सों में गए। यह एक यादगार अनुभव था। वहां केवल दो प्रतिशत मतदान हुआ और सरकार बनी थी। चुनाव के बाद वहां भीषण हिंसाकांड हुआ। विद्यार्थी परिषद के दल ने अपनी यात्रा के अनुभवों से वहां के हालातों पर अध्ययन रिपोर्ट तैयार

की। इस अभियान के दूसरे चरण में सत्याग्रह का आयोजन किया गया था, लेकिन हिंसा के चलते वहां जाना आसान नहीं था, इसलिए हमने गुप्त रूप से असम में प्रवेश किया और सत्याग्रह में हिस्सा लिया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

तमिलनाडु में एक टुटीकारेन नामक स्थान पर एक बीएड. कॉलेज था। टुटीकारेन में विद्यार्थी परिषद् का तब तक कोई काम नहीं था। एक दिन उस कॉलेज के प्रिंसीपल से मिलने उसके घर पहुंच गए और वहीं भोजन किया। उल्लेखनीय है कि उन प्रिंसीपल महोद्‌य को भी तब अभाविप के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। भोजन करने के बाद वे मुझे अपने साथ कॉलेज ले गए। रास्ते में उन्होंने पूछा कि एबीवीपी क्या करता है और ले जाकर कक्षा में खड़ा कर दिया और छात्रों के समक्ष भाषण देने के लिए कहा। मैंने भाषण देना आरंभ किया और छात्रों को शिक्षा क्षेत्र, सामाजिक परिवर्तन में युवाओं की भूमिका एवं अभाविप के बारे में बहुत सी जानकारियां दी। बाद में ऑफिस में ले जाकर प्रिंसीपल साहब ने मुझे 50 रुपये का नोट थमा दिया, उस समय यह काफी बड़ी रकम थी। उन्होंने मुझे हर महीने उस कॉलेज में ऐसी ही एक कक्षा को संबोधित करने के लिए कहा। बाद में टुटीकारेन में काम बढ़ा और संगठनात्मक गठन किए गए।

केरल में जिला बैठकों में शामिल होना भी यादगार रहा। 14 दिन में 14 जिलों में बैठकें करनी थी, लेकिन कार्यकर्ताओं को अनुभव नहीं था। लेकिन सब कुछ अच्छे से निपट गया।

अपने प्रथम विदेश प्रवास के बारे में बताएं?

मेरा पहला विदेश प्रवास रूस में नवंबर 1978 में हुआ। साथ में अरुण जेटली, बाल आपटे, पी.वी. कृष्ण भट्ट, महेश शर्मा भी थे। राम बहादुर राय को भी आना था, लेकिन किन्हीं कारणों से वे नहीं आ सके थे। अभाविप के प्रतिनिधी मंडल के तौर पर हमारा दल रूस में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहा था। देश-विदेश के कई छात्र संगठनों समेत, खेल जगत एवं कला जगत के प्रतिनिधी वहां एकत्रित हो रहे थे। इस यात्रा का आरंभ ही बड़ा रोचक रहा, क्योंकि रूसी विदेश मंत्रालय से मुझे जो वीजा मिला उसमें अशुद्धि थी, अधिकारियों से बात करने के बाद मुझे बिना वीजा के यात्रा करने की अनुमती मिल गई थी, रूसी अधिकारी एयरपोर्ट से मुझे लेने आये और बाद में रूस में ही पासपोर्ट एवं वीजा दिया गया। इस यात्रा से अभाविप को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलने लगी। इस कार्यक्रम में सभी छात्र संगठन इस बात को लेकर एकमत थे कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नं.-1 छात्र संगठन है। जबकि दूसरे स्थान के लिए अन्य छात्र संगठनों में मारामारी थी।

वर्तमान शैक्षिक परिदृश्य पर आपकी क्या राय है?

अभाविप के अपने कार्यकाल के तीन संदर्भों को जोड़कर मैं अपनी बात रखना चाहूंगा। 1977 से पहले जेपी आंदोलन से हमारी उम्र की पीढ़ी का सार्वजनिक जीवन शुरू हुआ। नौजवानों ने इस आंदोलन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। उनकी एकजुट आवाज से समाज के सभी वर्गों के लोग नौजवानों के साथ आकर खड़े हो गए। यह वह दौर था, जब हमने अपने नारों को क्रियान्वित होते हुए देखा था। तब हमें सामाजिक जीवन में युवाओं की प्रभावकारी भूमिका का आभास हुआ था।

इसके बाद एक अनुभव 1980 के बाद देखने को मिला, तब हमें यह आभास हुआ कि राजनीतिक प्रभाव एवं सत्ता के कारण आंदोलन कैसे विफल हो जाते हैं। यह एक कटु वास्तविकता है। तब अभाविप ने प्रण किया कि हम राजनीति में नहीं जाएंगे और फिर 4 साल तक हम छात्र संघ चुनाव में भी नहीं गए।

दूसरी बात यह है कि शिक्षा परिवर्तन को लेकर नारे तो खूब लगाए जाते हैं, ढेरों सुझाव आते हैं लेकिन उनके क्रियान्वन की बात जब आती है, तो सब पीछे हट जाते हैं। राजनीतिक इच्छाशक्ति के न होने से क्रियान्वन नहीं हो पाते हैं। शिक्षा प्रणाली आज युवाओं को समाज एवं राष्ट्र से जुड़ने की सीख नहीं देती। तीसरी बात युवाओं की भावना से जुड़ी है। हाल ही में 1857 आंदोलन के 150 वर्ष पूरे हुए हैं। इस दौरान देश भर में अभाविप की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। बिहार के किशनगंज जैसे दूरदराज के इलाके में आज भी अभाविप के आह्वान पर 50 हजार से अधिक युवा बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ आंदोलन के लिए इकट्ठे हो जाते हैं। इसी तरह विदर्भ के कोरकू आदिवासी बाहुल इलाके मेलघाट में आदिवासियों में व्याप्त कुपोषण एवं उससे होने वाली मौतों को रोकने के लिए आज भी युवा दल वहां जन जागरूकता अभियान के लिए जाते हैं। इन बातों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि आज भी युवाओं में सामाजिक जीवन, राष्ट्र कार्य, देश एवं देशवासियों के प्रति लगाव है। बस जरूरत है तो सही नेतृत्व, सही दिशा, ध्येय एवं सही कार्यक्रम की।

आज के शैक्षिक वातावरण में इन चीजों की नितांत आवश्यकता है।

वर्तमान छात्र संगठनों के स्वरूप पर आपकी क्या प्रतिक्रिया है?

यह बात कुछ हद तक सही है कि छात्र संगठनों में कार्यकर्ताओं के बॉस राजनीतिक दलों के नेता बन जाते हैं और ग्लैमर का प्रदर्शन करते हैं। लेकिन सभी ऐसे नहीं हैं। सामाजिक परिवर्तन की तमन्ना रखने वाले लोग भी हैं। वर्तमान परिस्थितियों में बदलाव आये हैं, इसलिए तात्कालिक परिस्थितियों के मुताबिक युवाओं को सामाजिक परिवर्तन के लिए आंदोलित करने के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अन्य छात्र संगठनों में सामाजिक एजेंडा की बजाय राजनीतिक एजेंडा को महत्व दिया जाता है।

वैश्वीकरण के दौर में आज छात्रों का रुझान कैरियर को लेकर रहता है, विभिन्न क्षेत्रों में जाने की उनकी इच्छा है। वे भी चाहते हैं कि मौज मस्ती करें, भौतिक साधनों को पायें, इत्यादि। लेकिन आज चुनौतियां अधिक हैं, सामूहिक शक्ति के साथ समाज परिवर्तन का कार्य होना चाहिए। सामाजिक, शैक्षिक जागरण में जन संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका लोकतंत्र में होती है। हमारे देश में अनेक आंदोलन हुए। लेकिन उनमें से अनेक आंदोलन मसलन किसान आंदोलन एवं मजदूर आंदोलन ठप्प हुए हैं। आज इन आंदोलनों में कहां कोई लहर देखने को मिलती है? वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या विद्यार्थी आंदोलन भी इसी तरह ठप्प हो जायेगा? इसलिए आज अधिक कार्य करने की जरूरत है।

शिक्षा के व्यापारीकरण पर आपकी प्रतिक्रिया?

एक जमाना था, जब गरीब छात्रों के लिए छात्रावास हुआ करते थे और समाज मिलकर योग्य छात्रों की शिक्षा का प्रबंध करता था। लेकिन आज निजीकरण के दौर में समान्य विद्यार्थी से शिक्षा दूर होती जा रही है। वैश्वीकरण का प्रभाव शिक्षा पर भी पड़ा है। व्यावसायी प्रवृत्ति के लोग विदेशी मॉडल अपनाने के लिए दबाव बना रहे हैं और उनके द्वारा शैक्षिक अनुदान हासिल करने की होड़ लगी हुई है। जिससे समाज में विषमता की खाई बढ़ रही है।

विदेशी मॉडल्स को अपनाने की बजाय इस पर विचार करने की जरूरत है कि कम खर्च में बेहतर शिक्षा कैसे सुलभ कराई जाये। नवोदय विद्यालयों का मॉडल इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा सकता है। एक समय था कि गरीब विद्यार्थी को छात्रवृत्ति मिलती थी, लेकिन आज की रचना ऐसी नहीं है और गरीब विद्यार्थियों की प्रतिभा देश के विकास के काम नहीं आती। विकास एवं शिक्षा की योजना साथ-साथ लेकर चलना चाहिए। हम सब कहते हैं कि भारत गांवों का देश है, किसानों का देश है, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि कार्पोरेट शिक्षा प्राप्त छात्र ग्रामीण क्षेत्र में नहीं जा सकता।

दो तीन बातों पर ध्यान देने की जरूरत है। विकास योजना के साथ शिक्षा की योजना बनाना, शिक्षा के ढांचे में गरीब छात्रों का स्थान सुनिश्चित करना, अच्छे संस्थानों के छोटे मॉडल तैयार करना इत्यादि। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दुनिया के 100 टॉप विश्वविद्यालयों में से एक भी भारत का नहीं है। दूसरी ओर हमारे यहां गरीबों एवं वंचित छात्रों की ओर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है, तो शिक्षा में हम आखिर हम कहां खड़े हैं! हमारे देश की परिस्थितियों को देखते हुए कहा जा सकता है कि छोटे मगर अच्छे संस्थान बनाये जाने चाहिए, जहां ताम-झाम कम होगा तो व्यापारीकरण भी रूकेगा। आधुनिक गुरुकुल व्यवस्था पर भी विचार करना चाहिए। साथ ही प्रतिभा शोध भी होना चाहिए।

शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होने के क्या कारण हैं?

शिक्षा प्रणाली व्यापक हुई है, लेकिन आज कई प्रकार के नीति संबंधी विषयों के कारण प्रयोगशीलता को बाधा पहुंचती है। राजनीतिकरण, प्रशासनिक बाधाएं एवं व्यापारीकरण के कारण शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। अच्छे काम का ध्येय रखने वाले लोगों को सरकारी कार्यालयों के कॉरीडोर में घूमना पड़ता है। शिक्षा में स्वायत्तता नहीं है, तो गुणवत्ता कहां से आयेगी? शिक्षा ही नहीं खेल जगत में भी भ्रष्टाचार का बोलबाला है। 2005 से अब तक 5 बार राष्ट्रीय खेल स्थगित हो चुके हैं। राष्ट्रमंडल-2010 की तैयारी चल रही है, लेकिन अब तक हमारे राष्ट्र खेल ही आयोजित नहीं हो सके हैं, तो खिलाड़ियों का चयन आखिर कैसे होगा।

भ्रष्टाचार देश के समक्ष एक बड़ी चुनौती है, इससे कैसे निपटा जाये?

भ्रष्टाचार एक महामारी है, जिसका किसी गोली से ईलाज संभव नहीं है। लालू यादव, क्वात्रोची, मधु कोडा जैसे लोगों के विरोध में लोकतंत्र में चर्चा, मंथन, आवाज होनी चाहिए। लेकिन यह परिणामकारी दवा नहीं है। हमारी चुनाव पद्धति में पैसे के बिना चुनाव नहीं लड़ा जा सकता। लाइसेंस परमिट को तो हटाया गया, लेकिन कांट्रेक्ट की पद्धतियां जस की तस हैं।

भ्रष्टाचार के केन्द्र प्रशासनिक ढांचा, चुनाव पद्धति, शिक्षा का व्यापारीकरण, ठेका पद्धति है। शीर्ष स्तर पर भ्रष्टाचार को रोकना चाहिए। इसे रोकने के लिए संस्कारपूर्ण शिक्षा की जरूरी है। घर में भी चरित्र निर्माण की सीख देनी होगी। सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक संगठनों का आग्रह भ्रष्टाचार के निवारण हेतु होना चाहिए।

अभाविप के षष्ठी पूर्ति के अवसर पर आप क्या संदेश देना चाहेंगे?

मैं कामना रखता हूं कि भारत के विद्यार्थी एवं विद्यार्थी परिषद् पूरी दुनिया में सबसे आगे रहें। विश्व के किसी भी देश, समाज के विद्यार्थियों से भारत के विद्यार्थी पीछे नहीं हैं। बस प्रोत्साहन की जरूरत है। देश एवं समाज को भी कैरियर के पाठ्यक्रम में दिखाया जाना चाहिए। "कैरियर फॉर द कंट्री" की भावना विद्यार्थियों में दिखे, इसके लिए प्रयास किये जाने चाहिए। हमारे देश के युवाओं में सामर्थ्य है, क्षमता है, वे आगे भी बढ़ रहे हैं, देश की सभ्यता को संरक्षित रखने के लिए कार्य कर रहे हैं। अभाविप को शिक्षा क्षेत्र एवं परिसर में आग्रह करना है। भारत की समृद्धि एवं सामर्थ्य को कैसे आगे बढ़ाना है, इसको ध्यान में रखते हुए कार्यक्रमों का आयोजन करना, यही सब अभाविप का लाईफ मिशन है।

गरीब एवं पिछड़े इलाकों के छात्रों को वर्तमान युग कैरियर के बारे में जानकारी नहीं है। गरीबी के कारण उनकी प्रतिभा दबकर रह जाती है। अभाविप को उनके बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए। गरीबी के चंगुल में फंसे ऐसे छात्रों को समाज विरोधी ताकतें अपने जाल में फांसने का प्रयास करती हैं। इसके लिए जिम्मेदार कौन है? राष्ट्र पुर्ननिर्माण उनको छोड़कर नहीं हो सकता। विवेकानंद की–'दरिद्रो देवो भव:, पतितो देवो भव:' की उक्ति को नहीं भूलना चाहिए। और यह भी नहीं भूलना चाहिए कि विवेकानंद विद्यार्थी परिषद् के आदर्श हैं।

अभाविप की 60 वर्षों की यात्रा में कौन सी उपलब्धियां आपको नज़र आती हैं?

राजनीतिक पिछलग्गू अभाविप नहीं बनी, यह एक बड़ी उपलब्धि है। रचनात्मक कार्य एवं प्रयोगशीलता को बनाये रखना भी महत्वपूर्ण है। एक प्रवाहमान छात्रों का स्थायी संगठन बनाते हुए रचनात्मक कार्यों में उन्हें लगाना सबसे बड़ी बात है। राजनीतिक संगठन अभाविप नहीं बना, लेकिन आज भी इस संगठन में मुद्दों को उठाने की क्षमता है। राष्ट्रवादी विचार के प्रबल संगठन होना भी एक बड़ी उपलब्धि है। विचार के लिए विद्यार्थियों को खड़ा करने का कार्य अभाविप ने किया है।

मानव संसाधन मंत्री कपिल सिब्बल के शैक्षिक परिवर्तन के अभियान पर आपकी राय?

प्रो. यशपाल कमेटी सिफारिशों के आधार पर शैक्षिक सुधार किए जा रहे हैं। उनमें कई बातें स्वागत योग्य हैं। लेकिन कॉर्पोरेट्स के साथ मिल कर शिक्षा देने का जो प्रस्ताव है, वह एक बड़ा खतरा साबित हो सकता है। अभाविप द्वारा बंगलौर के एक कार्यक्रम में बोलते हुए प्रो. यशपाल ने इस इन सिफारिशों के बारे में कई बातें बताई थी। लेकिन ध्यान देना होगा कि प्रो. यशपाल तो अकादमिक व्यक्ति हैं, लेकिन महत्वपूर्ण समस्या क्रियान्वयन के स्तर से जुड़ी है। सरकार की मंशा यहीं से जाहिर होती है। समाज के सभी वर्गों को मूल्य आधारित शिक्षा निर्विघ्न कैसे मिले यह सुनिश्चित करने की जरूरत है।

दुनिया भर के छात्र संगठनों पर आपका अध्ययन है, विश्व स्तर पर अन्य छात्र संगठनों की अपेक्षा अभाविप को आप कहां खड़ा पाते हैं?

वैश्विक छात्र आंदोलन एवं अभाविप के आंदोलन में मूलभूत अंतर है। हम अभ्यास वर्ग में चीन, जापान, फ्रांस, इटली के छात्र आंदोलनों की सामूहिकता का उदाहरण देते हैं। लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि वे सभी आंदोलन पानी के बुलबुले की तरह उठे, प्रभावकारी भी रहे, लेकिन बाद में बिखर गए। ये आंदोलन बाद में किसी रचनात्मक आंदोलन में नहीं बदल सके। लेकिन इसकी अपेक्षा अभाविप असम आंदोलन, शैक्षिक आंदोलन, जेपी आंदोलन में शामिल रहा, लेकिन उसके रचनात्मक कार्य आंदोलन समाप्त होने के बाद भी यथावत् चल रहे हैं। फ्रांस में बड़ा शैक्षिक आंदोलन हुआ, सिओल में डंकल प्रस्ताव के बाद डबल्यूटीओ से समझौते के कारण प्रधानमंत्री को इस्तीफा देना पड़ा, इंडोनेशिया में 1968 एवं 1998 में छात्र आंदोलन हुए, चीन का थ्यानमेन चौक पर तीन हजार से अधिक छात्रों की हत्या कर दी गई, तो उदाहरण छात्रशक्ति के बड़े हस्ताक्षर कहे जा सकते हैं। लेकिन अभाविप का आंदोलन इन सबसे अलग है। जेपी आंदोलन, असम आंदोलन, बोफोर्स घोटाला, कश्मीर आंदोलन, शैक्षिक आंदोलन को करते हुए प्रवाहमान छात्र संगठन के रूप में खुद को स्थापित करने का जो दर्शन हमने दिया है, वह दुनिया भर में विशिष्ट है। ■

Guest Column

India & China: Talk Peace For Mutual Benefit

M.V Kamath

Till about the 1950s India did not really have any foreign policy experts. The one supposed expert was Jawaharlal Nehru, well-read, well-travelled and reportedly knowledgeable about world affairs. In VK Krishna Menon, who became his Defence Minister he had a fellow expert who had spent a life-time in Britain, was in close touch with British political leaders and on those grounds considered a man to be trusted in the formulation of policies concerning international relations. Their concepts were largely Anglo-centric. Nehru had travelled thro' Europe and even visited Moscow. He was well aware of Nazism, Fascism and the evils of Imperialism and had great sympathy for China's fight against western colonialism.

Even when the Civil War was still being waged in China, in a broadcast in 1946 Nehru spoke of "China, that mighty country with a mighty past, our neighbour (which) has been our friend through the ages whose friendship will endure and grow". He was soon to learn that friendship with China is a chimera, a thing of Nehru's fertile imagination. Time and again, after Mao came to power (and India was the second nation to extend diplomatic recognition to it) he consistently dismissed Nehru and his colleagues as "running dogs of imperialism". China showed little respect either for Nehru or for India. Despite India's efforts to please China and to plead its case—against the will of the US and its allies—for rightful permanent membership of the UN Security Council, China showed no gratitude.

When in 1945 India itself was offered Permanent Membership of the Security

Council, it was Nehru who declined the honour, maintaining that China deserved it more. Friendship with China has invariably been a one-way street. An excellent study of Sino-Indian relations up to the mid-sixties is Sudhakar Bhat's India and China published in 1967, reading which should relieve us of our delusions. If Shri MK Narayanan wants to know "why there is so much hype" in the Indian media over alleged Chinese military incursions into India territory, he should remember the resounding slap on India's face in 1962 administered by Mao Tse-tung to teach India "a lesson", while India was singing "India-China, bhai bahai".

Since when India has sounded frightened of China as a child is of a menacing ghost. The Indian psyche has been deeply hurt and it will remain so for a long time. Never mind at what cost China grew to be a power. Never mind China's disdain of India. The first Chinese attack against post-independence India was when its troops stormed the thinly manned Indian police outpost in NEFA in August 1957—exactly fifty years ago—and killed two Indian frontier policemen. To mention all these is not to promote enmity towards China. It is to face grim reality. One respects the Government of India's desire not to sound provocative, but for that reason do we have to be supine towards Beijing all the time? And refuse to learn from history?

God alone knows how strongly India wants peace. India has never consciously gone to war against any nation in its long and turbulent past. It has respect for all people, all religions, all cultures. From Nehru onwards India has been respectful of China's traditions and rich past. But it behoves the Government of India not to be seen as frightened and consequently attempting to stop all mention of hurt done to India. That reflects poorly on us. Two things must always be kept in mind: India wants peace not just to placate any country—including Pakistan—but for its own sake. India has to be politically alert. What one wants to know is whether Delhi is underplaying the Chinese threat. Is it true that President Pratibha Patil has dropped her plans to undertake an official visit to China? Is it true that at a closed door session, two senior RAW officials said Chinese incursions should not be overlooked as China had 'bigger designs'? Word is being passed that our Air Force is a third of China's. A war with China, in any eventuality is ill-logical, irrational and unrewarding.

